Regarding widening of Sahebganj - Dumka National Highway-Laid

श्री नलिन सोरेन **(दुमका) :** मैं माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान साहेबगंज-दुमका राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ । इस राष्ट्रीय राजमार्ग में काठीकुंड से दुमका जाने वाला मुख्य मार्ग में कोयला और भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण अत्यंत जर्जर हो चुका है । इस मार्ग पर भारी कोयला लदे ट्रकों की अधिकता के कारण सड़क की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं । कई बार ट्रक अनियंत्रित होकर घरों में घुस जाते हैं, जिससे जान-माल का भारी नुकसान होता है । इस समस्या का स्थायी समाधान आवश्यक है । सबसे पहले, इस सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जानी चाहिए ताकि भारी वाहनों के साथ-साथ आम लोगों के आवागमन में भी कोई बाधा न हो । इसके अलावा, कोयला परिवहन के लिए एक अलग वैकल्पिक मार्ग (बाइपास रोड) का निर्माण किया जाना चाहिए, जिससे स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और मुख्य मार्ग पर दबाव कम हो ।